# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई.

परीक्षा सत्र : नवम्बर–दिसम्बर 2021

## परीक्षा का नाम : विशारद प्रथम (प्रथम प्रश्नपत्र)

## विषय : तबला-पखावज

दि. 30/01/2022 समय : 3 घंटे (सुबह 9 से 12) कुल अंक : 75

सूचना : 1) कोई पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 2) सभी प्रश्न के अंक समान है । 3) प्रश्न क्रमांक 6 अनिवार्य है । 4) अन्य 9 में से 4 उत्तर लिखे ।

**प्र. 1** बहुविकल्पिय प्रश्न (कोई पंधरह) **(15)**

1. 'धीक्ड धींधा' इस बोल व्दारा किस घराने में पेशकार की रचना कि गयी है?
   (अं) लखनऊ (ब) फरुखाबाद (क) अजराडा
2. 'आमद' यह रचना का उपयोग कहाँ किया जाता है?
   (अ) विलंबित ख्याल गायन कि शुरुआत में।
   (ब ) ठुमरी की शुरुआत में।
   (क) कथक नृत्य की शुरुआत में।
3. निम्न बोलों में किस बोल व्दारा रेला की रचना कि जाती है?
   (अ) किटतक (ब) धिरधिर (क) अ और ब दोनों
4. निम्न में से कौन सी रचना विस्तारशील नही है?
   (अ) परन (ब) कायदा (क) पेशकार
5. तिस्त्र जाति का कायदा निम्न में से कौन–सी लयकारी के साथ जुडा हुआ है?
   (अ) कुआड (ब) आड (क) बिआड
6. दीपचंदी और झुमरा की तुलना किससे होगी?
   (अ) विभाग (ब) तिरकिट (क) ताली–खाली
7. आडाचौताल किस वाद्य का ताल है?
   (अ) तबला (ब) मृदंगम् (क) मृदंग
8. 4 ताली और 3 खाली कौन से ताल में आती है?
   (अ) सूलताल (ब) चौताल (क) आडाचौताल
9. पंचम सवारी ताल के बोलों से मिलता–जुलता निम्न में से कौन सा ताल है?
   (अ) एक ताल (ब) आडाचौताल (क) कोई नही

10. धमार ताल की तिगुन का एक भाग कितनी मात्राओं का होगा ?

(अ) 4 $\frac{2}{3}$ (ब) 5 $\frac{2}{3}$ (क) 4 $\frac{1}{3}$

11. दीपचंदी ताल की तिगुन करने से पूर्ण आवर्तन में कितने अवग्रह होंगे ?

(अ) 15 (ब) 12 (क) कोई नही

12. तिलवाडा निम्न में से कौन सी गायकी के साथ बजाया जाता है ?

(अ) छोटा ख्याल (ब) विलंबित ख्याल (क) ठुमरी

13. कौन से ताल में दो खालीयाँ आती है ?

(अ) एकताल (ब) सूलताल (क) अ और ब दोनों

14. धमार ताल किस गीत प्रकार के साथ बजाते है ?

(अ) टप्पा (ब) धमार (क) ध्रुपद

15. पंचम सवारी कि तिगुन का एक पल्ला ताल एकताल की कौन सी मात्रा से बजकर सम पर आएगा ?

(अ) 8 (ब) 7 (क) 6

**प्र. 2 अ) सही जोडियाँ बनाएँ।** **(10)**

| **ताल की मात्रा** | **लयकारी की मात्रा** |
|---|---|
| 1) 10 मात्रा की तिगुन | 1) 3$\frac{1}{2}$ मात्रा |
| 2) 7 मात्रा की चौगुन | 2) 4 मात्रा |
| 3) 12 मात्री की तिगुन | 3) 5$\frac{1}{3}$ मात्रा |
| 4) 16 मात्रा की दुगुन | 4) 3 मात्रा |
| 5) 14 मात्रा की तिगुन | 5) 3$\frac{1}{3}$ मात्रा |
| 6) 16 मात्रा की तिगुन | 6) 1$\frac{3}{4}$ मात्रा |
| 7) 12 मात्रा की चौगुन | 7) 4$\frac{2}{3}$ मात्रा |
| 8) 7 मात्रा की तिगुन | 8) 2$\frac{1}{2}$ मात्रा |
| 9) 14 मात्रा की चौगुन | 9) 8 मात्रा |
| 10) 10 मात्रा की चौगुन | 10) 2$\frac{1}{3}$ मात्रा |

**प्र. 2** **ब) निम्नलिखित विधानों को सही या गलत बतलाकर गलत को सही कर के लिखे।** **(5)**

1. ध्रुपद-धमार गायन के साथ मृदंगम् व्दारा संगति की जाती है।
2. दीपचंदी और अध्धा ताल की मात्रा समान है।
3. ताल तिलवाडा सुगम संगीत के साथ बजाया जाता है।
4. ठुमरी गीत प्रकार के अंत में लग्गीयाँ बजाते है।
5. पेशकार का उपयोग लखनऊ घराने में ज्यादा किया जाता है।

**प्र. 3** **भारतीय संगीत में वाद्यों के वर्गीकरण के बारे में समझाईये। घन और अवनध्द वाद्यों में अंतर स्पष्ट करे।** **(7+8=15)**

**प्र. 4** **साम्य-भेद स्पष्ट करे।**
अ) झूमरा-धमार ब) तिलवाडा-अध्धा क) तेवरा-पश्तो

**प्र. 5** **पारिभाषिक शब्दों को समझाईये। (कोई तीन)** **(5X3=15)**
आमद, रेला, कायदा, गत परन, चलन

**प्र. 6** **लिपिबद्ध करे। (कोई तीन)** **(15)**

1) झपताल/सूलताल में तिस्त्र जाति का कायदा/रेला दो पल्टे और तिहाई के साथ।
2) पंचम सवारी में एक कायदा (चतस्त्र जाति), दो पल्टे और तिहाई के साथ।
3) तीनताल/आदि ताल में एक कमाली चक्रदार।
4) पंचम सवारी/धमार में एक फरमाईशी चक्रदार।
5) झपताल/सूलताल में तिस्त्र जाति की तिहाई।

**प्र. 7** **लय और लयकारी के बारे में समझाकर ताल झपताल की आडी और तिगुन एक ही आवर्तन में लिपिबद्ध करे।** **(10+5=15)**

**प्र. 8** **ताल और ठेका में अंतर स्पष्ट करके ताल रुपक और झपताल की 3-3 किस्म लिपिबद्ध करे।** **(9+3+3=15)**

**प्र. 9** **16 मात्रा के ताल में एक फरमाईशी चक्रदार, एक बेदम तिहाई, एक चक्रदार तिहाई लिपिबद्ध करे।** **(5X3=15)**

प्र. 10 ''धात्रकधिकिटकतगदिगनधाऽ'' इस बोल–पंक्ती के आधार से कोई भी पाँच तालों में सम से सम तक तिहाई लिपिबद्ध करे। (15)

*(बोल पंक्ती में जाति बदल सकते है।)*